PAPER-III
PHILOSOPHY

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J 03 14

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

PHILOSOPHY
Paper – III

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Who propounds organic relation between man and society ?
(A) Hegel (B) Aristotle
(C) Mill (D) Bentham

2. Who says that 'Act as a member of Kingdom of ends' ?
(A) Aristotle (B) Spinoza
(C) Mill (D) Kant

3. It is better to be a human being dissatisfied than to be a pig satisfied, it is better to be a Socrates dissatisfied than to be a fool satisfied,' is a statement of
(A) Kant (B) Hume
(C) Mill (D) Bentham

4. Who among the following Philosophers has propounded the concept of 'Pure Being' ?
(A) Pythagoras (B) Democritus
(C) Heraclitus (D) Parmenides

5. Which one of the following theories of error is maintained by Rām̃ānuja ?
(A) Satkhyāti
(B) Asatkhyāti
(C) Atmakhyāti
(D) Anirvachniya khyāti

6. Which one of the following is known as moderate Bauddha (Pracchanna Bauddha) ?
(A) Mahāvira (B) Sām̃khya
(C) Shankara (D) Cārvāka

7. 'Jin' is associated with
(A) Buddhism (B) Jainism
(C) Sikhism (D) Islam

8. Prajĩyā, Sila and Samādhī are the key concepts of
(A) Hinduism
(B) Jainism
(C) Buddhism
(D) None of the above

9. Who introduced internal sanction in morality ?
(A) Bentham (B) Mill
(C) Sidgwick (D) Hume

10. A Hypothesis is scientifically valuable if it is
(A) opposed to established scientific law
(B) opposed to religious belief
(C) in agreement with a religious belief
(D) verifiable

11. What is meant by 'Pancalabdhi' ?
(A) Uplabdhi, Mahālabdhi, Kāraṇalabdhi, Mocanalabdhi, Anuplabdhi
(B) Kṣhyopśamlabdhi, Viśuddhilabdhi, Desanālabdhi, Prāyogyalabdhi, Karaṇalabdhi
(C) Labhālabdhi, Deśanālabdhi, Kṛpālabdhi, Samvaralabdhi, Nirjarālabdhi
(D) None of these

12. Mark the correct symbolization for given statement :
Statement :
If anything is damaged, someone will be blamed.
Symbolization :
(A) $(\exists x)\, Dx \supset (\exists y)\, (Py \cdot By)$
(B) $(\exists x)\, Dx \supset (Py \cdot By)$
(C) $(\exists x) - Dx \supset - (\exists y)\, (Py \cdot By)$
(D) None of these

13. Match List – I with List – II and mark the correct option :

List – I	List – II
a. $-(p \vee q) \equiv (-p \cdot -q)$	i. Distribution
b. $[p \cdot (q \vee r)] \equiv [(p \cdot q) \vee (p \cdot r)]$	ii. Double Negation
c. $p \equiv --p$	iii. Exportation
d. $[(p \cdot q) \supset r] \equiv [p \supset (q \supset r)]$	iv. De Morgan's theorem

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	i	iii	ii	iv
(C)	ii	iv	i	iii
(D)	iv	iii	ii	i

दर्शनशास्त्र

प्रश्नपत्र – III

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. मनुष्य एवं समाज के मध्य अवयवी सम्बन्ध का प्रतिपादन कौन करता है ?
(A) हेगेल (B) अरस्तू
(C) मिल (D) बेन्थम

2. 'साध्यों के साम्राज्य के सदस्य के रूप में कार्य करें' – यह कौन प्रतिपादित करता है ?
(A) अरस्तू (B) स्पिनोजा
(C) मिल (D) केण्ट

3. 'एक असन्तुष्ट मनुष्य होना बढ़िया है एक सन्तुष्ट सूअर की अपेक्षा, एक असन्तुष्ट सुकरात होना बढ़िया है, एक सन्तुष्ट मूर्ख की अपेक्षा' – यह कथन है
(A) केण्ट का (B) ह्यूम का
(C) मिल का (D) बेन्थम का

4. 'शुद्ध सत्' की अवधारणा का प्रतिपादन निम्नलिखित दार्शनिकों में से किसने किया है ?
(A) पाइथागोरस (B) डिमोक्रिटस
(C) हेराक्लाइटस (D) पार्मेनाइडीज़

5. मिथ्या प्रतीति के विषय में रामानुज को निम्नलिखित सिद्धांतों में से कौन सा एक मान्य है ?
(A) सत् ख्याति
(B) असत् ख्याति
(C) आत्म ख्याति
(D) अनिर्वचनीय ख्याति

6. निम्नलिखित में से किसे 'प्रच्छन्न बौद्ध' कहा जाता है ?
(A) महावीर (B) सांख्य
(C) शंकर (D) चार्वाक

7. 'जिन' संबंधित है
(A) बौद्ध धर्म से (B) जैन धर्म से
(C) सिक्ख धर्म से (D) इस्लाम धर्म से

8. प्रज्ञा, शील और समाधि मुख्य अवधारणाएँ हैं :
(A) हिन्दू धर्म (B) जैन धर्म
(C) बौद्ध धर्म (D) इनमें से कोई नहीं

9. नैतिकता में आन्तरिक आदेश को कौन स्वीकार करता है ?
(A) बेन्थम (B) मिल
(C) सिजविक (D) ह्यूम

10. कोई भी प्राक्कल्पना वैज्ञानिक रूप से महत्त्वपूर्ण तब है जब वह
(A) स्थापित वैज्ञानिक नियम के विरुद्ध हो ।
(B) धार्मिक विश्वास के विरुद्ध हो ।
(C) धार्मिक विश्वास से संगति रखता हो ।
(D) सत्यापनीय हो ।

11. 'पंचलब्धि' का अर्थ क्या है ?
(A) उपलब्धि, महालब्धि, कारणालब्धि, मोचनलब्धि, अनुपलब्धि
(B) क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि, करणलब्धि
(C) लाभालब्धि, देशनालब्धि, कृपालब्धि, संवरालब्धि, निर्जरालब्धि
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. दिए गए अभिकथन के लिए सही प्रतीकात्मक रूप का चयन करें :
अभिकथन :
यदि कुछ नष्ट होता है, तो कोई-न-कोई दोषी ठहराया जाएगा ।
प्रतीकात्मक रूप :
(A) $(\exists x)\, Dx \supset (\exists y)\, (Py \cdot By)$
(B) $(\exists x)\, Dx \supset (Py \cdot By)$
(C) $(\exists x) - Dx \supset - (\exists y)\, (Py \cdot By)$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही को चिहिनत करें :

सूची – I		**सूची – II**
a.	$-(p \vee q) \equiv (-p \cdot -q)$	i. डिस्ट्रीब्यूशन
b.	$[p \cdot (q \vee r)] \equiv [(p \cdot q) \vee (p \cdot r)]$	ii. डबल-निगेशन
c.	$p \equiv - -p$	iii. एक्सपोर्टेशन
d.	$[(p \cdot q) \supset r] \equiv [p \supset (q \supset r)]$	iv. डी मॉर्गन थ्यूरम

विकल्प :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	i	iii	ii	iv
(C)	ii	iv	i	iii
(D)	iv	iii	ii	i

14. Evaluate the given argument and mark the correct option :

Argument :

$(V \supset -W) \cdot (X \supset Y)$
$(-W \supset Z) \cdot (Y \supset -A)$
$(Z \supset -B) \cdot (-A \supset C)$
$V \cdot X$
$\therefore \quad -B \cdot C$

Options :

(A) Valid (B) Invalid
(C) Both of these (D) None of these

15. Which one of the following correctly represents the status of soul according to Ramanuja ?

(A) There is unqualified identity between soul and God.
(B) God and soul are two separate entities.
(C) Soul is same as the body.
(D) The relation between soul and God is that of parts and whole.

16. Which one of the following is true of Buddhism ?

(A) Nirvana can be achieved only in this life.
(B) Nirvana can be achieved only in the life after death.
(C) Nirvana can be achieved both in this life and life after death.
(D) Nirvana can be achieved by the grace of the Tathagat.

17. Who takes into Consideration the length and breadth in Ethics ?

(A) Mill (B) Spinoza
(C) Spencer (D) Moore

18. What type of Sattā is ascribable to Brahman ?

(A) Vyāvaharika
(B) Paramārthika
(C) Both Vyavaharika & Pāramārthika
(D) Prātibhāsika

19. In which Āshrama Vyāvasthā, a person leaves for the jungle in order to pray to God and practice Yoga ?

(A) Brahmacharya
(B) Gārhastha
(C) Vānaprastha
(D) Sanyāsa

20. The two sentences labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Mark the correct code according to these :

Assertion (A) : According to Mimāmsā Vedas are eternal.
Reason (R) : According to Mimāmsā words are eternal.

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) provides correct explanation to (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) does not provide correct explanation to (A).
(C) (A) is true, (R) is false and (R) does not provide correct explanation to (A).
(D) (A) is false, (R) is true and (R) provides correct explanation to (A).

21. Match List – I with List – II and mark the correct option :

List – I	**List – II**
a. Puruṣārtha	i. Varṇa
b. Brahmavihāra	ii. Musāvādā
c. Pancaśila	iii. Mokśa
d. Vaiśya	iv. Karuṇā

Codes :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	iv	ii	i
(C)	iv	ii	i	iii
(D)	iii	i	ii	iv

22. Consider the following statements in the context of Bentham and mark the correct code :

1. Greatest happiness of the greatest number.
2. Nature has placed mankind under the governance of two sovereign masters pain and pleasure.
3. Community is a fictitious body composed of the individual persons.

Codes :

(A) 1 and 2 are true.
(B) 1 and 3 are true.
(C) only 1 is true.
(D) 1, 2 and 3 are true.

23. 'Enlightened Anarchy' means

(A) Lawlessness
(B) Non-existence of the state
(C) Lawlessness of the intellectuals
(D) Imperialism

14. दी गई युक्ति की परीक्षा करें तथा दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करें :

युक्ति :

$(V \supset -W) \cdot (X \supset Y)$

$(-W \supset Z) \cdot (Y \supset -A)$

$(Z \supset -B) \cdot (-A \supset C)$

$V \cdot X$

$\therefore \quad -B \cdot C$

विकल्प :

(A) वैध

(B) अवैध

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. रामानुज के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा एक आत्मा की सही स्थिति निरूपित करता है ?

(A) आत्मा और ईश्वर में अनौपाधिक अभेद है ।

(B) ईश्वर और आत्मा दो भिन्न सत्ताएँ हैं ।

(C) आत्मा और शरीर अभिन्न है ।

(D) आत्मा और ईश्वर का संबंध अवयव एवं अवयवी का है ।

16. निम्नलिखित में से कौन सा एक बौद्धमत के बारे में सही है ?

(A) इस जीवन में ही निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है ।

(B) मृत्योपरान्त जीवन में निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है ।

(C) इस जीवन और मृत्योपरांत जीवन दोनों में निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है ।

(D) तथागत की अनुकम्पा से निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है ।

17. लम्बाई एवं चौड़ाई के विचार को नीतिशास्त्र में कौन स्वीकार करता है ?

(A) मिल (B) स्पिनोजा

(C) स्पेन्सर (D) मूर

18. ब्रह्म किस प्रकार की सत्ता है ?

(A) व्यावहारिक

(B) पारमार्थिक

(C) व्यावहारिक और पारमार्थिक दोनों

(D) प्रतिभासिक

19. ईश्वर से प्रार्थना और योगाभ्यास करने के लिए व्यक्ति किस आश्रम व्यवस्था में वन में जाता है ?

(A) ब्रह्मचर्य (B) गृहस्थ

(C) वानप्रस्थ (D) संन्यास

20. नीचे दो वाक्य कथन (A) तथा तर्क (R) के रूप में दिए गए हैं । उनके अनुसार दिए गए कूट से सही का चयन करें :

कथन (A) : मीमांसा मतानुसार वेद नित्य हैं ।

तर्क (R) : मीमांसा मतानुसार शब्द नित्य हैं ।

कूट :

(A) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है तथा (R), (A) की सही व्याख्या प्रस्तुत नहीं करता ।

(D) (A) असत्य है, (R) सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या प्रस्तुत करता है ।

21. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
a. पुरुषार्थ	i. वर्ण
b. ब्रह्मविहार	ii. मूषावादा
c. पंचशील	iii. मोक्ष
d. वैश्य	iv. करुणा

कोड :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	iv	ii	i
(C)	iv	ii	i	iii
(D)	iii	i	ii	iv

22. बेन्थम के संदर्भ से, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही कोड का चयन करें :

1. अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख
2. प्रकृति ने मानवमात्र को दो सर्वसमर्थ स्वामियों के शासन में रखा है – वेदना और प्रसन्नता
3. समुदाय वैयक्तिक व्याष्टियों का कल्पित निकाय है ।

कोड :

(A) 1 और 2 सत्य हैं ।

(B) 1 और 3 सत्य हैं ।

(C) केवल 1 सत्य है ।

(D) 1, 2 और 3 सत्य हैं ।

23. 'प्रबुद्ध अराजकता' का अर्थ है :

(A) अव्यवस्था

(B) राज्य की अविद्यमानता

(C) बुद्धिमान लोगों की अराजकता

(D) साम्राज्यवाद

24. The view that 'Jātī' is as much real as the Vyaktī is held by
(A) The Nyāya school
(B) The Bauddha school
(C) The Cārvāka school
(D) The Advaita Vedanta school

25. Which one of the following statements does not truly reflect Gandhi's Philosophy of life ?
(A) Hate the sin but not the sinner.
(B) Non-violence is an active moral fight against wickedness.
(C) Both of the options given above are true.
(D) Neither (A) is true nor (B).

26. According to Gandhiji, the goal of constructive programme is
(A) Providing economic relief to the unemployed
(B) Distributing some wages to spinners and weavers
(C) Creating a non-violent society
(D) None of the above

27. Sarvadharma Samabhava : according to Gandhi means
(A) There is the unity of all religions
(B) All religions are to be treated equally
(C) All religions should be synthesised
(D) All religions teach moral values.

28. Right faith, right knowledge and right conduct are known as _____ in Jaina ethics that shine is a good life.
(A) Triratna (B) Triguna
(C) Trijñāna (D) None of these

29. According to Gandhi, trusteeship means
(A) Bread-Labour
(B) Swadeshi
(C) Possessing wealth and its distribution to the needy
(D) Greediness

30. Arrange the following concepts in which they appeared. Use the code given below :
I. Pratitya Samutpada
II. Nirvana
III. First Noble Trust
IV. Eight fold path (Dukh Nirodh Marg)
Codes :
(A) I, II, III, IV (B) IV, III, II, I
(C) III, I, II, IV (D) II, III, I, IV

31. The philosophy of Satyagraha is originally ascribed to
(A) Ruskin
(B) Mahatma Gandhi
(C) Dr. B.R. Ambedkar
(D) Koutilya

32. The word Ahinsā was first used in the following Indian text :
(A) Bhagavad Gīta
(B) Chandogya Upanishad
(C) Ramayana
(D) Rigveda

33. Religion according to Gandhi is :
(A) Justice
(B) Prayer
(C) Moral Principle
(D) Freedom

34. "We do not want mass production but we want production for the masses" advocated by
(A) Marx (B) Gandhi
(C) Nehru (D) Amartya Sen

35. Match List – I and List – II and select the code correctly matched :

List – I	List – II
a. Advait Vedanta	i. Nimbark
b. Vishista dvaitvada	ii. Shankar
c. Dvaitvada	iii. Ramanuja
d. Dvaitadvaitvada	iv. Madhva

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iii	ii	i	iv
(B)	ii	iii	iv	i
(C)	iv	ii	iii	i
(D)	i	ii	iii	iv

24. यह विचार कि 'जाति उतनी वास्तविक है जितना कि व्यक्ति' किसका है ?
(A) न्याय सम्प्रदाय
(B) बौद्ध सम्प्रदाय
(C) चार्वाक सम्प्रदाय
(D) अद्वैत वेदान्त सम्प्रदाय

25. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गाँधी के जीवन-दर्शन का सही चित्रण प्रस्तुत नहीं करता ?
(A) पाप से घृणा करो, पापी से नहीं ।
(B) अहिंसा दुष्टता के विरुद्ध नैतिक संघर्ष है ।
(C) ऊपर के दोनों विकल्प सही हैं ।
(D) उपर्युक्त दोनों विकल्प (A) और (B) सही नहीं हैं ।

26. गांधीजी के अनुसार संरचनात्मक कार्यक्रम का लक्ष्य है :
(A) बेरोजगारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना
(B) कातने वाले और बुनाई करने वालों को कुछ मजदूरी वितरित करना
(C) अहिंसावादी समाज का सृजन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. गांधीजी के अनुसार सर्वधर्म समभाव का अर्थ है
(A) सभी धर्मों में एकता है ।
(B) सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए ।
(C) सभी धर्मों का संश्लेषण किया जाना चाहिए ।
(D) सभी धर्म नैतिक मूल्य सिखाते हैं ।

28. सम्यक् दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक आचरण को जैन नीतिशास्त्र में निम्नलिखित कहा जाता है जो अच्छे जीवन में चमकता है :
(A) त्रिरत्न
(B) त्रिगुण
(C) त्रिज्ञान
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. गांधीजी के अनुसार, न्यासिता का अर्थ है
(A) रोटी के लिए श्रम
(B) स्वदेशी
(C) सम्पदा रखना और जरूरतमंद में उसका वितरण
(D) लालच

30. नीचे दिये गये कूट का इस्तेमाल करते हुए, निम्नलिखित सिद्धांतों को उनके सही क्रम में जमाइये :
I. प्रतीत्य समुत्पाद
II. निर्वाण
III. प्रथम आर्य सत्य
IV. आष्टांगिक मार्ग (दुःख निरोध मार्ग)
कूट :
(A) I, II, III, IV (B) IV, III, II, I
(C) III, I, II, IV (D) II, III, I, IV

31. सत्याग्रह के दर्शन का श्रेय मूल रूप से किसे दिया जाता है ?
(A) रस्किन
(B) महात्मा गाँधी
(C) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(D) कौटिल्य

32. अहिंसा शब्द का उपयोग सर्वप्रथम निम्नलिखित भारतीय ग्रंथ में किया गया था :
(A) भगवद् गीता (B) छान्दोग्योपनिषद्
(C) रामायण (D) ऋग्वेद

33. गाँधीजी के अनुसार धर्म
(A) न्याय है । (B) प्रार्थना है ।
(C) नैतिक सिद्धांत है । (D) स्वतन्त्रता है ।

34. 'हम व्यापक उत्पादन नहीं चाहते हैं, परन्तु हम जनता के लिए उत्पादन चाहते हैं' इस कथन की हिमायत किसने की है ?
(A) मार्क्स (B) गाँधी
(C) नेहरू (D) अमर्त्य सेन

35. सूची – I एवं सूची – II पर विचार कीजिये एवं सही सुमेलित कूट का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
a. अद्वैत वेदान्त	i. निम्बार्क
b. विशिष्टाद्वैतवाद	ii. शंकर
c. द्वैतवाद	iii. रामानुज
d. द्वैताद्वैतवाद	iv. मध्व

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iii	ii	i	iv
(B)	ii	iii	iv	i
(C)	iv	ii	iii	i
(D)	i	ii	iii	iv

36. Which of the following statements are associated with Gandhiji's concept of truth ?

1. Truth is an ontological category.
2. Truth is an ethical category.
3. Truth is only a property of statement.

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) 1, 2 and 3 (B) 1 and 2
(C) 2 and 3 (D) 1 and 3

37. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A), and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The conclusion of a syllogism cannot be more general than the premises.

Reason (R) : The conclusion of a syllogism is true, provided the premises are true.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

Code :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

38. According to Kant – "The laws of hygiene are conducive to health" is

(A) Categorical imperative
(B) Hypothetical imperative
(C) Moral imperative
(D) None of the above

39. Match the following by using the code, given below :

List – I (Trend)	**List – II (Philosopher)**
a. Critical Philosophy	i. Russell
b. Rationalism	ii. Locke
c. Empiricism	iii. Spinoza
d. Analytic Philosophy	iv. Kant

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iv	i	iii	ii
(D)	ii	i	iv	iii

40. Samavāyikāraṇa of the world according to the Vaiśeṣikas is

(A) Iśvara
(B) Paramāṇu-Saṁyoga
(C) Dvyaṇuka
(D) Paramāṇu

41. Pārmārthika Sattā may be refuted by

(A) Vyavahārika Sattā
(B) Prātibhasika Sattā
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

42. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) The doctrine of Monads – Leibnitz
(B) The Doctrine of Modes – Spinoza
(C) Burkley's Philosophy – Solipsism
(D) Distinction between 'Knowledge concerning relation of Ideas' and 'Knowledge concerning matter of fact' – Kant

43. The view that "God alone is real and other finite things are suppressed or annulled in the existence of God" is called

(A) Theism (B) Pantheism
(C) Animism (D) Deism

44. Mark the option which is not correct in the context of Hegel's philosophy

(A) Idea of God ≠ Highest universal
(B) Real is Rational.
(C) Pure Being = non being
(D) The Ultimate Reality can be explained in forms of causality.

45. Who propounds that God is appearance ?

(A) Spinoza (B) Descartes
(C) Hume (D) Bradley

46. Who says that 'Non-Contradiction is the criterion of Reality' ?

(A) Hegel (B) Plato
(C) Bradley (D) None of the above

47. Mark the group, that is the most suitable to Nietzsche's Philosophy' ?

(A) Sense-data, Protocol Statement Epoche, Tragedy
(B) Crisis, Superman, attack on Christianity, Evolution
(C) Supermind, Tragedy, Epoche, Speech act
(D) Crisis, Tragedy, Protocol statement, attack on Christianity

36. निम्नलिखित में से कौन से कथन गाँधीजी के सत्य के प्रत्यय से संबंधित हैं ?

1. सत्य एक तत्त्वमीमांसीय पदार्थ है ।
2. सत्य एक नैतिक पदार्थ है ।
3. सत्य केवल प्रतिज्ञप्तियों का गुण है ।

नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये :

कूट :

(A) 1, 2 और 3 (B) 1 और 2
(C) 2 और 3 (D) 1 और 3

37. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

अभिकथन (A) : न्याय का निष्कर्ष आधारवाक्य की तुलना में ज्यादा सामान्य नहीं हो सकता है ।

कारण (R) : न्याय वाक्य का निष्कर्ष तभी सत्य होता है, जब आधारवाक्य सत्य हों ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

38. केण्ट के अनुसार स्वच्छता के नियम स्वास्थ्य के लिये सहायक होते हैं :

(A) निरपेक्ष आदेश (B) सापेक्ष आदेश
(C) नैतिक आदेश (D) इनमें से कोई नहीं

39. निम्नलिखित का मिलान करें और नीचे दिए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (प्रवृति)	**सूची – II (दार्शनिक)**
a. आलोचनात्मक दर्शन	i. रसेल
b. बुद्धिवाद	ii. लॉक
c. अनुभववाद	iii. स्पिनोजा
d. विश्लेषणात्मक दर्शन	iv. केण्ट

कोड :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iv	i	iii	ii
(D)	ii	i	iv	iii

40. वैशेषिक के अनुसार, जगत् का समवायिकरण है

(A) ईश्वर (B) परमाणु संयोग
(C) द्वयणुक (D) परमाणु

41. पारमार्थिक सत्ता का निम्नलिखित के द्वारा खंडन किया जा सकता है :

(A) व्यावहारिक सत्ता
(B) प्रातिभासिक सत्ता
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(A) चिद्बिंदु का सिद्धांत – लाइब्नित्ज़
(B) विकार का सिद्धांत – स्पिनोजा
(C) बर्कले का दर्शन – अहंमात्रवाद
(D) 'प्रत्ययों के संबंध-विषयक ज्ञान' तथा 'वस्तु स्थिति-विषयक ज्ञान' के बीच भेद की स्थापना – केण्ट

43. यह विचार कि "ईश्वर मात्र यथार्थ है और अन्य सीमित वस्तुएँ ईश्वर के अस्तित्व में दबा दी जाती है या नष्ट कर दी जाती है", कहलाता है :

(A) ईश्वरवाद (B) सर्वेश्वरवाद
(C) जीववाद (D) तटस्थेश्वरवाद

44. हेगेल के दर्शन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही <u>नहीं</u> है ?

(A) ईश्वर का प्रत्यय ≠ उच्चतम सामान्य
(B) सत् बौद्धिक है ।
(C) शुद्ध सत्ता = अ-सत्ता
(D) चरम सत्ता की व्याख्या कारणता के पदों में संभव है ।

45. कौन प्रतिपादित करता है कि ईश्वर आभास है ?

(A) स्पिनोजा (B) देकार्त
(C) ह्यूम (D) ब्रैडले

46. कौन कहता है कि 'अव्याघात परमसत् की कसौटी है' ?

(A) हेगेल (B) प्लेटो
(C) ब्रैडले (D) इनमें से कोई नहीं

47. नीत्शे के दर्शन के सर्वाधिक उपयुक्त समूह कौन सा है ?

(A) इन्द्रिय-प्रदत्त, स्वानुभवमूलक कथन, इपोखे और त्रासदी
(B) संकट, अतिमानव, ईसाई धर्म पर आघात, विकास
(C) अधिमानस, त्रासदी, इपोखे, वाक्-क्रिया
(D) संकट, त्रासदी, स्वानुभवमूलक कथन, ईसाई धर्म पर आघात

48. Mark the statement which is not true :
(A) Subjective idealism results in Solipcism.
(B) Conceptualism is a theory given to explain universal
(C) Causality is a ground of Induction
(D) Kant ascribes space and time as 'a-priori concepts

49. Who tells – "Knowledge is primarily of a definite object and is to be distinguished from the awareness of the indefinite."
(A) Ambedkar
(B) Radhakrishnan
(C) K.C. Bhattacharya
(D) Tagore

50. Given below are two sets List – I and II. List – I consists of the propounders and List – II of the doctrines. Consider them and select the correctly matched code :

List – I	**List – II**
a. Saṅkara	i. Prapatti
b. Rāmānuja	ii. Śūnyatā
c. Madhva	iii. Jivanmukti
d. Nagarjuna	iv. Ānandatāratamya

Codes :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	i	iv	ii
(C)	ii	i	iii	iv
(D)	i	iii	ii	iv

51. Spinoza explained the relation between mind and body by the help of
(A) Inter-actionism
(B) Parallelism
(C) Pre-established harmony
(D) Identity-in-difference

52. In Buddhist Philosophy Avinābhāva relation is based on
(A) Identity, Negation, Co-existence
(B) Identity, Causality, Negation
(C) Causality, Negation, Co-existence
(D) Causality, Identity, Co-existence

53. In the following inference there is fallacy of :
'Sky flower is fragrant because it has flowerness in it'
(A) Anekāntika (B) Satpratipakṣa
(C) Bādhita (D) Aśsayāsiddhā

54. Read the following arguments and select the fallacy in it, using the code given below :
Argument :
"All Hindus are Aryans.
No Persians are Hindus.
∴ No Persians are Aryans".
Codes :
(A) Fallacy of Illicit Major
(B) Fallacy of Illicit Minor
(C) Fallacy of Four Terms
(D) Fallacy of Undistributed Middle

55. In the context of laws of thought mark the best combination of the laws as given below :
Laws :
I. Law of Identity
II. Law of Contradiction
III. Law of Excluded Middle
IV. Law of Sufficient Reason
Combinations :
(A) I and II are correct.
(B) III and IV are correct.
(C) I, II and IV are correct.
(D) I, II, III and IV are correct.

56. Match List – I with List – II and select the right answer using the code, given below :

List – I	**List – II**
a. AAA	i. Ferio
b. AII	ii. Celarent
c. EAE	iii. Darii
d. EIO	iv. Barbara
	v. Baroco

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iii	v	iv	i
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iv	iii	ii	i
(D)	v	iv	i	iii

57. Which of the following statements are true with regard to phenomenology ?
(A) Phenomenologist's is not concerned with particular facts as such.
(B) The subject matter of Phenomenology is the ideal meanings and universal relations with which the ego is confronted in its experience.
(C) Only (A) (as above said) is true and (B) is false.
(D) Both (A) and (B) (as above said) are true.

48. कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(A) आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद का परिणाम अहंमात्रवाद होता है ।
(B) प्रत्ययवाद वह सिद्धांत है जो सामान्य की व्याख्या के लिये दिया गया है ।
(C) कारणता आगमन का आधार है ।
(D) केण्ट दिक् और काल को प्रागानुभविक प्रत्यय का नाम देता है ।

49. किसने कहा है – "ज्ञान, मुख्य रूप से एक निश्चित वस्तु का होता है और अनिश्चित के बोध से इसका भेद होना चाहिए" ?
(A) अम्बेडकर (B) राधाकृष्णन
(C) के.सी. भट्टाचार्य (D) टैगोर

50. नीचे दो समूह I और II दिए गए हैं । समूह I में प्रतिपादक और समूह II में सिद्धांत दिए गए हैं । नीचे दिए कोडों से सही मेलित का चयन करें :

समूह – I	**समूह – II**
a. शंकर	i. प्रपत्ति
b. रामानुज	ii. शून्यता
c. मध्व	iii. जीवन मुक्ति
d. नागार्जुन	iv. आनन्द तारतम्य

कोड :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	i	iv	ii
(C)	ii	i	iii	iv
(D)	i	iii	ii	iv

51. स्पिनोजा ने मन और देह के बीच सम्बन्ध को निम्नलिखित की सहायता से स्पष्ट किया है :
(A) अंत:क्रियावाद
(B) समानांतरवाद
(C) पूर्व-स्थापित सामंजस्य
(D) भेद में अभेद

52. बौद्ध दर्शन में अविनाभाव सम्बन्ध आधारित है
(A) तादात्म्य, निषेध, नियत साहचर्य पर
(B) तादात्म्य, कारणाता, निषेध पर
(C) कारणाता, निषेध, नियत साहचर्य पर
(D) कारणाता, तादात्म्य, नियत साहचर्य पर

53. निम्नलिखित उदाहरण में दोष है : 'आकाशपुष्प सुगन्धित है क्योंकि उसमें पुष्पत्व है' :
(A) अनेकान्तिक (B) सत्प्रतिपक्ष
(C) बाधित (D) आश्रयासिद्ध

54. नीचे दी गई युक्ति के दोष का निर्धारण दिए गए कूट के आधार पर करें :
युक्ति :
सभी हिंदू आर्य हैं ।
कोई भी पारसी हिंदू नहीं है ।
∴ कोई भी पारसी आर्य नहीं है ।
कूट :
(A) अनुचित बृहद्-पद दोष
(B) अनुचित लघु-पद दोष
(C) चतुष्पद-दोष
(D) अव्याप्त मध्यम-पद दोष

55. 'विचार के नियम' के संदर्भ में दिए गए नियमों के सर्वोत्तम संयोजन का चुनाव दिए गए कूट में से करें । :
नियम :
I. तादात्म्य का नियम
II. व्याघात का नियम
III. मध्य-दशा परिहार का नियम
IV. पर्याप्त कारणता का नियम
(संयोजन) कूट :
(A) I और II सही हैं ।
(B) III और IV सही हैं ।
(C) I, II और IV सही हैं ।
(D) I, II, III और IV सही हैं ।

56. सूची – I तथा सूची – II को सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चुनाव करें :

सूची – I	**सूची – II**
a. AAA	i. फेरियो
b. AII	ii. केलारेंट
c. EAE	iii. डारी
d. EIO	iv. बारबरा
	v. बारोको

कोड :

	a	b	c	d
(A)	iii	v	iv	i
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iv	iii	ii	i
(D)	v	iv	i	iii

57. फेनोमेनॉलॉजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है ?
(A) फेनोमेनॉलॉजिस्ट तथ्य-विशेष से सरोकार नहीं रखता ।
(B) फेनोमेनॉलॉजी की विषय-सामग्री आदर्श-अर्थ और सामान्य-संबंध हैं, जिनके साथ अहम् का संघर्ष अपनी अनुभूति में होता है ।
(C) उपर्युक्त कथनों में से केवल (A) सत्य है तथा (B) असत्य है ।
(D) उपर्युक्त कथनों में से (A) और (B) दोनों सत्य हैं ।

58. The objects of phenomenological inquiry are
(A) External objects
(B) Intentional objects
(C) Extensional objects
(D) Ideal objects

59. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A), and Reason (R) :
Assertion (A) : According to Quine, the verificationist theory has taken language in a very piece-meal fashion.
Reason (R) : It therefore has resulted in a sort of reductionism.
In the context of the above two statements, which of the following is correct ?
Code :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

60. Match List – I with List – II and select the correct answer code from below :

List – I	**List – II**
a. On the logic of social sciences	i. Gadamer
b. Being and time	ii. Habermas
c. Philosophical Hermeneutics	iii. Heideggar
d. Hermeneutics and Criticism	iv. Schleiermacher

Codes :

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	i	iv
(B)	iv	iii	i	ii
(C)	i	iii	iv	ii
(D)	ii	iii	iv	i

61. Match the List – I with List – II choose correct answer from the code given below :

List – I (Authors)	**List – II (Books)**
a. G.E. Moore	i. Foundations of the metaphysics of Morals
b. Kant	ii. Right and the good
c. F.H. Bradley	iii. Principia Ethica
d. W.D. Ross	iv. Ethical studies

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	iii	ii
(B)	iii	i	iv	ii
(C)	i	ii	iv	iii
(D)	ii	i	iii	iv

62. When 'A' proposition is true, E and I propositions are
(A) False and true
(B) True and false
(C) False and doubtful
(D) True and doubtful

63. Social rights which form a part of Universal Declaration of Human Rights (1948) address covers which of the following aspects ?
(A) Education
(B) Food
(C) Employment
(D) All of the above

64. Which one of the following is not a part of Universal Declaration of Human Rights (1948) ?
(A) Security rights
(B) Liberty rights
(C) Equality rights
(D) Group rights

65. Which one of the following is NOT correctly matched ?
(A) Use theory of meaning was propounded by…… (Later Wittgenstein)
(B) The theory of descriptions was advocated by ……. (Russell)
(C) Speech-act theory was introduced by ….. (Austin)
(D) The wholistic approach to meaning was advocated by …… (Ayer)

58. फेनोमेनॉलॉजी के विचारणीय विषय हैं

(A) बाह्य वस्तु

(B) प्रयोजनमूलक वस्तुएँ

(C) विस्तारपरक वस्तुएँ

(D) आदर्श वस्तुएँ

59. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है ।

अभिकथन (A) : क्वाइन के अनुसार, सत्यापनवादी सिद्धांत में भाषा को टुकड़ों में विभाजित करके लिया गया है ।

कारण (R) : इसलिये इसका परिणाम एक प्रकार के अव्याख्यावाद का हुआ है ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भो में नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

60. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I		**सूची – II**
a. ऑन दि लॉजिक ऑफ सोशल साइन्सिस	i.	गैडामर
b. बीइंग एण्ड टाइम	ii.	हैबरमास
c. फिलोसोफिकल हर्मेनॉटिक्स	iii.	हाइडैगर
d. हर्मेनॉटिक्स एण्ड क्रिट्सिज्म	iv.	श्लीयरमैकर

कोड :

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	i	iv
(B)	iv	iii	i	ii
(C)	i	iii	iv	ii
(D)	ii	iii	iv	i

61. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (लेखक)		**सूची – II (पुस्तक)**
a. जी.ई. मूर	i.	फाउंडेशन्स ऑफ दि मैटाफिजिक्स ऑफ मोरल्स
b. केण्ट	ii.	राइट एण्ड दि गुड
c. एफ.एच. ब्रैडले	iii.	प्रिंसिपीया ऐथिका
d. डब्ल्यू.डी. रॉस	iv.	ऐथिकल स्ट्डीस

कोड :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	iii	ii
(B)	iii	i	iv	ii
(C)	i	ii	iv	iii
(D)	ii	i	iii	iv

62. जब 'A' तर्कवाक्य सत्य है, तो E और I तर्कवाक्य

(A) असत्य और सत्य

(B) सत्य और असत्य

(C) असत्य और संदिग्ध

(D) सत्य और संदिग्ध

63. सामाजिक अधिकार जो मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (1948) का अंश है निम्नलिखित में से किस पहलू को सम्बोधित करता है ?

(A) शिक्षा (B) खाद्य

(C) रोजगार (D) उपर्युक्त सभी

64. निम्नलिखित में से कौन सा एक मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (1948) का भाग नहीं है ?

(A) सुरक्षा का अधिकार

(B) स्वतन्त्रता का अधिकार

(C) समानता का अधिकार

(D) समूह का अधिकार

65. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) अर्थ का उपयोग सिद्धांत प्रतिपादित किया था – (बाद के विट्टगेंस्टीन ने)

(B) विवरण के सिद्धांत का समर्थन किया था – (रसेल ने)

(C) 'स्वीप एक्ट (वाक क्रिया)' सिद्धांत का सर्वप्रथम प्रयोग किया था – (ऑस्टिन ने)

(D) अर्थ के सम्पूर्णतावादी पद्धति का समर्थन किया था – (एयर)

66. Two universal propositions differing in quality are said to be in
(A) Contradictory opposition
(B) Sub-altern opposition
(C) Contrary opposition
(D) Sub-contrary opposition

67. Which position is held by the Naiyāyikas regarding the relation between pada and padārtha (vṛthi) ?
(A) Śakti and Lakṣanā
(B) Gauni and Vyañjanā
(C) Śakti, Lakṣanā and Vyañjanā
(D) Vyañjanā, Gauni and Lakṣana

68. "Punishment is inflicted on a criminal in order to reform or educate him" is the view of following theory :
(A) Deterrent theory of punishment
(B) Retributive theory of punishment
(C) Reformative theory of punishment
(D) None of the above

69. Which one of the following theories of meaning that Quine supports ?
(A) Atomistic theory of meaning
(B) Wholistic theory of meaning
(C) Positivist theory of meaning
(D) Reductionist theory of meaning

70. The kind of inference in which "there is a change in the quality of the given proposition, while its meaning remains unchanged" is called
(A) Conversion
(B) Obversion
(C) Contraposition
(D) Inversion

71. According to Austin, the act of doing something by saying something is called
(A) Locutionary act
(B) Illocutionary act
(C) Perlocutionary act
(D) None of the above

72. Match the List – I with List – II and select the correct answer using the code given below :

List – I (Thinker)	**List – II (Books)**
a. G. Frege	i. From a logical point of view
b. B. Russell	ii. Philosophical Analysis
c. L. Wittgenstein	iii. The Blue and Brown Books
d. W.V. Quine	iv. My Philosophical Development
	v. Foundations of Arithmetic

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	ii	iv	v	iii
(C)	v	iv	iii	i
(D)	iv	v	ii	iii

73. Only thing that can considered to be good according to Kant to
(A) Categorical imperative
(B) Moral law
(C) Goodwill
(D) Concept of God

74. Match List – I with List – II and select the correct code :

List – I	**List – II**
a. Simone de Beauvoir	i. Gendre trouble
b. Judith Butler	ii. Sexual politics
c. Kate Millet	iii. Second sex
d. Luce Irigary	iv. An ethics of sexual difference

Codes :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	ii	iv	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	iii	i	ii	iv

75. Which one of the following philosophers is associated with the proposition : "I think therefore I am" ?
(A) Spinoza (B) Descartes
(C) Leibnitz (D) Hume

66. गुणवत्ता में भिन्न, दो सामान्य तर्कवाक्य इस स्थिति में कहे जाते हैं :

(A) व्याघातक विरोध
(B) उपाश्रयण विरोध
(C) वैपरीत्य विरोध
(D) उप-वैपरीत्य विरोध

67. पद और पदार्थ के बीच सम्बन्ध के बारे में नैयायिकों का क्या मत है ?

(A) शक्ति एवं लक्षणा
(B) गौणी एवं व्यंजना
(C) शक्ति, लक्षणा एवं व्यंजना
(D) व्यंजना, गौणी एवं लक्षणा

68. "अपराधी को सुधारने अथवा शिक्षित करने के लिए उसे दण्ड दिया जाता है" यह किस सिद्धांत का विचार है ?

(A) दण्ड निरोधक सिद्धांत
(B) दण्ड का प्रतिकारी सिद्धांत
(C) दण्ड का सुधारात्मक सिद्धांत
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. अर्थ के निम्नलिखित सिद्धांतों में से क्वाइन किसका समर्थन करते हैं ?

(A) अर्थ का परमाणुवाद सिद्धांत
(B) अर्थ का सम्पूर्णतावाद सिद्धांत
(C) अर्थ का प्रत्यक्षवादी सिद्धांत
(D) अवव्याख्यावादी (अपचयी) सिद्धांत

70. अनुमान का वह रूप जिसमें "प्रदत्त तर्क वाक्य की गुणात्मकता में परिवर्तन होता है जबकि उसका अर्थ अपरिवर्तित रहता है" क्या कहलाता है ?

(A) परिवर्तन (B) प्रतिवर्तन
(C) प्रतिपरिवर्तन (D) विपरिवर्तन

71. ऑस्टिन के अनुसार, कुछ कह कर कुछ करने का कर्म कहलाता है :

(A) वचन कर्म/लोक्यूशनरी एक्ट
(B) इल्लोक्यूशनरी एक्ट/वचनेत्तर कर्म
(C) प्रभावी वचन कर्म
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (विचारक)		**सूची – II (पुस्तक)**
a. जी. फ्रेगे	i.	फ्रोम ए लॉजिकल पॉइंट ऑफ व्यु
b. बी. रसेल	ii.	फिलोसोफिकल एनालिसिस
c. एल. विट्टगेंस्टीन	iii.	दि ब्लू एण्ड ब्राऊन बुक्स
d. डब्ल्यू.वी. क्वाइन	iv.	माई फिलोसोफिकल डेवलेपमेंट
	v.	फाउंडेशन्स ऑफ अर्थमेटिक

कोड :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	ii	iv	v	iii
(C)	v	iv	iii	i
(D)	iv	v	ii	iii

73. एकमात्र वस्तु जिसे केण्ट के अनुसार शुभ समझा जा सकता है वह है

(A) निरपेक्ष आदेश (B) नैतिक नियम
(C) शुभ संकल्प (D) ईश्वर का प्रत्यय

74. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें और दिए गए कोड में से सही का चयन करें :

सूची – I		**सूची – II**
a. सिमोन दि बुबा	i.	जेंडर ट्रबुल
b. ज्यूडिथ बटलर	ii.	सेक्सुअल पॉलिटिक्स
c. केटे मिलेट	iii.	सेकण्ड सेक्स
d. ल्यूस इरिगेरे	iv.	एन एथिक्स ऑफ सेक्सुअल डिफरेंस

कोड :

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iii	ii	iv	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	iii	i	ii	iv

75. निम्नलिखित दार्शनिकों में से कौन 'मैं सोचता हूँ, इसलिये मेरी सत्ता है' से संबंधित है ?

(A) स्पिनोजा (B) देकार्त
(C) लाइब्नित्ज़ (D) ह्यूम

Space For Rough Work